Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Kumar Shri Shailendra

an>

Title : Need to provide adequate compensation to the farmers whose land has been acquired for widening of National Highway in Chail Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र चायल उत्तर प्रदेश में राट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण में किसानों की जमीनों के सही ढंग से मुआवजा नहीं दिया गया है, जिससे किसानों में जबरदस्त जन-आक्रोश है। किसानों की ज्यादातर जमीनें जी0टी0 रोड के बगल की हैं। उप-जिलाधिकारी सिराथू जनपद कौशाम्बी ने 2500 वर्ग मीटर मुआवजा दिलवाने की बात कही थी। लेकिन आश्वासन कोरा साबित हुआ। मा0 जिलाधिकारी ने उप-जिलाधिकारी चायल कौशाम्बी के नेतृत्व में एक जांच कमेटी भी गठित की है, जिसके तहत मुआवजा दिया जायेगा। लेकिन उक्त कमेटी भी कागजों तक सीमित रही है। केन्द्र सरकार तत्काल जांच कराके किसानों की कीमती जमीनों का वाजिब मुआवजा दिलवाये।